# परसरमा-अररिया एनएच निविदा के बाद 24 महीने में होगा पूरा

**पटना.** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि परसरमा-अररिया



एनएच-327इ की निविदा के बाद 24 महीने में निर्माण पूरा हो जायेगा. साथ ही 15 वर्ष तक अनुरक्षण कार्य भी संबंधित संवेदक करेंगे. इस परियोजना में चार बाइपास का निर्माण होगा. इसमें परसरमा, सुपौल, पिपरा और त्रिवेणीगंज बाइपास शामिल हैं. साथ ही एक आरओबी, दो फ्लाइ ओवर, छह वृहद पुल, 41 छोटे पुल, एक भीयूपी, दो एसभीयूपी, 75 बॉक्स व स्लैब कल्भर्ट सहित 86 पाइप कल्भर्ट का निर्माण शामिल हैं. इस सड़क को 1547.55 करोड़ की लागत से पेभ्ड सोल्डर सहित दो-लेन में उन्नयन कार्य की स्वीकृति केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दी है. मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इस परियोजना के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाइब्रिड एन्युटी मोड (एचएएम) पर शीघ्र निविदा आमंत्रित किया जायेगा. इस परियोजना के निर्माण में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को राज्य सरकार द्वारा हर प्रकार का सहयोग प्रदान किया जायेगा. श्री नवीन ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है.